गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर (छ0ग0)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 कमांक 25, 2009 के अंतर्गत स्थापित केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

कमांक 1511 प्रअवि / 2013 बिलासपुर, दिनांक 8/11/2013

सूचना

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ0ग0) के प्रबंध अध्ययन विभाग द्वारा संचालित एम0बी0ए0 पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 में प्रवेश अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) नई दिल्ली द्वारा आयोजित Common Management Admission Test (CMAT) के स्कोर कार्ड के आधार पर किया जायेगा । CMAT एआईसीटीई द्वारा वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है। प्रथम CMAT 26 सितम्बर 2013 से 30 सितम्बर 2013 तक आयोजित हुआ था । इसका परिणाम 20 अक्टूबर 2013 को घोषित हो चुका है एवं वेब साईट www.aicte-cmat.in में उपलब्ध है ।

जो अभ्यर्थी उक्त परीक्षा में सम्मिलित नही हो पाये है उनके लिये सत्र 2014–15 के लिये CMAT की द्वितीय परीक्षा 20 फरवरी से 24 फरवरी 2014 के बीच आयोजित की जायेगी। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन का कार्य 01 नवम्बर 2013 से प्रारंभ हो चुका है। एमबीए पाठ्यक्रम में सत्र 2014–15 में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे CMAT परीक्षा में अनिवार्य रूप से सम्मिलित हो। जो अभ्यर्थी प्रथम टेस्ट में सम्मिलित नहीं हो सके थे, वे द्वितीय टेस्ट में सम्मिलित हो सकते है। अभ्यर्थी दोनो टेस्ट में सम्मिलित होने के लिए पात्र हैं। प्रवेश हेतु दोनो टेस्ट में से उच्चतम स्कोर को मान्य किया जावेगा, यदि वे उक्ताशय की सूचना आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करते हैं । विस्तृत जानकारी के लिये www.aicte-cmat.in वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है ।

आदेशानुसार,

08/11/13

विभागाध्यक्ष

प्रबंध अध्ययन विभाग

पृ0क. 1512 प्रअवि / 2013 बिलासपुर, दिनांक 8/11/2013

प्रतिलिपि :–

1. कुलपति / समकुलपति / कुलसचिव के सचिव / निज सहायक / आशुलिपिक की ओर माननीय कुलपति जी / समकुलपति जी / कुलसचिव के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता–छात्र कल्याण / कुलानुशासक, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ ।
3. मीडिया प्रभारी की ओर सूचनार्थ एवं समाचार पत्रों में प्रकाशन की व्यवस्था हेतु प्रेषित।
4. समस्त विभागाध्यक्ष / विभाग प्रमुख (शैक्षणिक / अशैक्षणिक)की ओर सूचनार्थ एवं अपने विभागीय सूचना पटल में छात्रों के सूचनार्थ चस्पा किये जाने हेतु।
5. विभागाध्यक्ष, संगणक विभाग को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित है कि कृपया सूचना को विश्व–विद्यालय वेबपटल में उपलब्ध कराने की व्यवस्था हेतु संबंधित को निर्देशित करना चाहें।

8/11/13

विभागाध्यक्ष

प्रबंध अध्ययन विभाग

CSIT/1422
11/11/13